भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1138
दिनांक 24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नर्सों और दाइयों का नामांकन

†1138. श्री बैन्नी बेहननः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार पंजीकृत नर्सों और दाइयों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) नेशनल रजिस्टर ट्रैकिंग सिस्टम (एनआरटीएस) में नामांकित नर्सों और दाइयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने प्रत्यय-पत्रों के सत्यापन, अंतर-राज्यीय तैनाती और कार्यबल में नियोजन संबंधी नामांकन न होने के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) नेशनल रजिस्टर ट्रैकिंग सिस्टम (एनआरटीएस) में नामांकन बढ़ाने और नर्सों द्वारा इसमें पंजीकरण कराने में आ रही तकनीकी तथा प्रक्रियात्मक कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): राज्य नर्सिंग परिषदें (एसएनसी) संबंधित राज्यों के अधिनियम में अंतर्निहित प्रावधानों के अनुसार नर्सों और मिडवाइफ का पंजीकरण करती हैं। एसएनसी नर्सों और मिडवाइफ की विभिन्न श्रेणियों का पंजीकरण करके अपने राज्यों में प्रैक्टिस कर रहे नर्सिंग कर्मियों का डेटाबेस बनाए रखती हैं। भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, 46.02 लाख नर्सिंग कर्मी पंजीकृत हैं। देश में **पंजीकृत नर्सों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या अनुलग्नक-I** में दी गई है।

नर्स पंजीकरण एवं ट्रैकिंग प्रणाली (एनआरटीएस) भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से शुरू की गई एक पूर्णतः कंप्यूटरीकृत इंटरैक्टिव प्रणाली है, जिसका उद्देश्य नर्सिंग कर्मियों के लाइव रजिस्टर का रख-रखाव करना है। नर्सें एनआरटीएस पर पंजीकरण के लिए आवेदन करती हैं और संबंधित राज्य नर्सिंग परिषद द्वारा उनके विवरण का सत्यापन किए जाने के बाद उन्हें नर्स विशिष्ट पहचान संख्या (एनयूआईडी) कार्ड तथा नर्स पासबुक जारी की जाती है। एनआरटीएस में **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नामांकित नर्सों की कुल संख्या अनुलग्नक-II** में दी गई है। अंतर-राज्यीय स्थानांतरण के लिए नर्सें अपने-अपने नर्सिंग

परिषदों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के लिए आवेदन कर सकती हैं। जिस परिषद से अनुरोध किया जाता है, उसे एनओसी पत्र ईमेल अथवा हार्ड कॉपी के माध्यम से भेजा जाता है।

भारतीय नर्सिंग परिषद ने एनआरटीएस के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए राज्य नर्सिंग परिषदों के रजिस्ट्रारों के साथ बैठकें आयोजित की हैं। आईएनसी वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, ऑनलाइन उपयोगकर्ता पुस्तिकाएँ उपलब्ध कराता है तथा पंजीकरण से संबंधित कठिनाइयों के समाधान करने के लिए एक समर्पित हेल्पडेस्क और तकनीकी सहायता के लिए ईमेल संचालित करता है। इस मंत्रालय ने भी एनआरटीएस के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों को निर्देश जारी किए हैं।

*****

दिनांक 24.07.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1138 के भाग (क) के उत्तर में उल्लखित अनुलग्नक

अनुलग्नक I

भारत में पंजीकृत नर्सों की राज्य-वार संख्या

क्र. सं.	राज्य	दिनांक 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार भारत में पंजीकृत नर्सों एवं सहायक नर्सों की कुल संख्या		
		एएनएम	आरएन एवं आरएम	एलएचवी
1.	आंध्र प्रदेश	142608	306983	2480
2.	अरुणाचल प्रदेश	8761	10930	383
3.	असम	32572	35677	524
4.	बिहार	42605	19475	511
5.	छत्तीसगढ़	15238	45631	1352
6.	दिल्ली	6333	111322	0
7.	गोवा	558	2277	0
8.	गुजरात	44037	135421	0
9.	हरियाणा***	33079	46864	694
10.	हिमाचल प्रदेश**	7181	39066	500
11.	झारखंड	16270	10748	142
12.	कर्नाटक	21690	530321	6840
13.	केरल	32573	379090	8507
14.	मध्य प्रदेश**	51613	175363	1731
15.	महाराष्ट्र	96299	190398	968
16.	मेघालय	2622	12845	264
17.	मणिपुर	4941	18189	0
18.	मिजोरम	3007	6244	0
19.	ओडिशा	45533	52423	238
20.	पंजाब	54519	154784	2584
21.	राजस्थान	76654	237217	323
22.	तमिलनाडु	70564	394405	11295
23.	त्रिपुरा	3594	11186	148
24.	उत्तर प्रदेश	148297	234174	2763
25.	उत्तराखंड	12729	24790	55
26.	पश्चिम बंगाल	72129	228758	12854
27.	तेलंगाना	4746	60919	0
28.	सिक्किम	308	3486	0
29.	नागालैंड	2922	3886	0
30.	जम्मू और कश्मीर*	5264	4859	0
	कुल	**1059246**	**3487731**	**55156**

स्रोत: संबंधित राज्य नर्स पंजीकरण परिषद

एएनएम: सहायक नर्स मिडवाइफ़, **आरएन एवं आरएम**: पंजीकृत नर्सें एवं पंजीकृत मिडवाइफ़,

एलएचवी: लेडी हेल्थ विज़िटर्स,

नोट - * डेटा 31.12.2021 तक; ** डेटा 31.12.2023 तक; *** डेटा 31.12.2024 तक।

दिनांक 24.07.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1138 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-II

दिनांक 13/07/2026 की स्थिति के अनुसार नर्स पंजीकरण और ट्रैकिंग प्रणाली (एनआरटीएस) पर नामांकित पंजीकृत नर्सों और मिडवाइफ की राज्य-वार संख्या				
क्र. सं.	**राज्य**	**एएनएम**	**आरएन एवं आरएम**	**एलएचवी**
1	आंध्र प्रदेश	22622	69204	45
2	अरुणाचल प्रदेश	2082	3440	8
3	असम	9725	21572	0
4	बिहार	42557	19452	11
5	छत्तीसगढ़	11328	25888	6
6	दिल्ली	1731	27414	3
7	गोवा	652	3710	1
8	गुजरात	9447	45582	0
9	हरियाणा	7363	19883	13
10	हिमाचल प्रदेश	3548	30759	0
11	झारखंड	12699	11924	17
12	कर्नाटक	470	81711	13
13	केरल	7415	142349	4
14	मध्य प्रदेश	17084	53214	33
15	महाराष्ट्र	19781	59947	8
16	मेघालय	130	3563	2
17	मणिपुर	2603	10478	0
18	मिजोरम	1387	4688	0
19	ओडिशा	31039	47200	5
20	पंजाब	9184	55423	4
21	राजस्थान	18101	64564	35
22	तामिलनाडु	916	56129	39
23	त्रिपुरा	1120	5937	0
24	उत्तर प्रदेश	40039	88302	22
25	उत्तराखंड	6323	17984	0
26	पश्चिम बंगाल	22047	70843	2
27	तेलंगाना	8898	58860	2050
28	सिक्किम	181	2478	0
29	नागालैंड	320	704	0
30	जम्मू और कश्मीर	1356	6476	1
	कुल	**312148**	**1109678**	**2322**

स्रोत- भारतीय नर्सिंग परिषद

*****